न यक्ष के । पग विच निकालो लार हो ॥ अहो ॥ ५ ॥ विद्युमति उतावली तास्क्षिण । वस्त्र दिया उतार ॥ श्री मनी कहे मुज से न होवे । हिवणा न्हाखो मार हो ॥ अहो ॥ ॥ ६ ॥ सोम सचीव खुश हो कहे नृप मे । न्याय हुवो महाराज ॥ श्रीमति नारी निर्दो-षी । विद्युमाति गुन्हेगार हो ॥ अहो ॥ ७ ॥ लज्ज भूषण हे सहुजन को । भामनी केतो अधिक ॥ मरणो धार्यो नहीं छोडी लज्जा । या नारी हुइ समिक्ष हो ॥ अहो ॥ ८ ॥ अश्चर्य मुझ ने साहेब मोटो । सगी मा मारे बाल । कारण कांइ जरूरज होणो । कैसी करीये निकाल हो ॥ अहो ॥ ९ ॥ शभा माहे स्यू एक पुरुष तब । ऊभो हुवो तत्काल । गरजी कहे ध्यान २ मंत्रीश्वर । कियो साचो न्याय एकताल हो ॥ अहो ॥ १० ॥ मंत्री कहे ते तुम किम जाण्यो । ते कहे सुणो महाराय ॥ मैं छूं इणरेघर पाडोसी । जाणू वात विगताय हो ॥ अहो ॥ ११ ॥ परस्यूं विद्युमति घर बाहिर । सूतो हूं निशी मझार । सवा योम यमनी व्यति क्रम्या ।आयो कोइ क जार हो ॥ अहो ॥ १२ ॥ थापदार लगाइ ए आइ । लीनो तात्क्षिण माड ॥ भूली द्वार ढकन गये मांहे । काम क्रिडा लगाइ हो ॥ अहो ॥ १३ ॥ दीप प्रकाशे हूं सहू जोवूं। बालक रोवा लाग्यो ॥ भोगमें अंतराय हूंती जोई क्रोधानल यस्य जाग्यो हो ॥ अहो ॥ १४॥ जार अग्रह थी वडरती आ। अरो त-

स धवाइ । पटकी पालणे गइ सेजापर । कोंभे व्याकुल थाइ हो ॥ अहो ॥ १५ ॥ पुनः ते बच्चो रोवा लाग्यो।पुनः जार इणने कहाडी।।धसमसतीआ तेने धवाइ।तस गइ तवही ताडी हो ॥ अहो ॥ १६ ॥ तीजी वार ते रोवा लाग्यो । तवए असूरत्त थाइ ॥ विप अन्धी मार्यो पुत्र ने । गले नख लगाइ हो ॥ अहो ॥ १७ ॥ यह हकीगत निजरा देखी । तैसी मैं दरसाइ ॥ धन्य २ इम कहूं प्रधान ने ॥ न्याय कियो राम साइ हो ॥ अहो ॥ १८ ॥ सहु शभा सुण अश्चर्य पाइ । विद्युमति ने धिक्कारी ॥ न्हाखी कैदमें श्रीमती.ने । पहोंचाइ घर सत्कारी हो ॥ अहो ॥ १९ ॥ देखी तित्र बुद्धि मंत्री की । नृपादि सहु हर्षाया । सुखे रहे मंत्रीश्वर इहां । पयठाण पुर आया हो ॥ अहो ॥ २० ॥ यह कथा तो रही इहां ही । हिवे विजयपुर की कहाइ ॥ अभिचतारां तणी ढाल ये ॥ ऋषि अमोलिक गाइ हो ॥ अहो ॥ २१ ॥ ❀ । दुहा ॥ एक दिन विजयपुर नगर में । करी दरवार तैयार ॥ कंखरथ ने दुःमुख जी बैठा सहु परिवार ॥ १ ॥ हर्षित हृदय नृप कहे । सांभलो सघला लोक ॥ दुमुखजी जी बुद्धि थकी । मिल्या वांछित थोक ॥ २ ॥ वकसीस लक्खी पौं शाकको । दी मंत्रीने राय । शभा सहु वहावा करे । दुमुख माने अकडाय ॥ ३ ॥ कहे हम चाकर राज का । करां ते थाडो हाथ ॥ लायकी जाणे आपसा । मुज सम है जग

कोय ॥ ४ ॥ गाजे वाजे मंत्रीने । दिघा धरे पहों चाय ॥ माने चडियो दुमुख्यो । करण लग्यो अन्याय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ४ थी ॥ मानव जन्म२ । रत्न तेने पायोरे ॥ यह । सुनो भाइ२ दुमुखकी अन्याइरे । करे खोटी कलाइ ॥ सुना ॥ आं ॥ राज मंत्री लम्पट दोनों । तस शिर अंकुश नहीं कोनोरे ॥ मदान्ध ते थाइ । सुणी रुडी लुगाइ । तस पकड़ मंगाइ ॥ सुनो ॥ १ ॥ इम जाणी चन्द्रसेण के कामेती । सुख सेन लक्ष्मी घर चेतीरे । सहू आपणी नारी ॥ दी पीयर पुगारी । दोनो रह्या तिहांरी ॥ सुनो ॥ २ ॥ एह समा चार दुमुख जाणी । मन माहे रीस आणीरे । चिन्ते मन माहीं । दोनो दुशमन तांइ । देवूं कैद कराइ ॥ सुनो ॥ ३ ॥ राजा पासे राते आया । सत्कारी कने बैठायाजी ॥ पूछे नृपाला । लीलावती का हवालो । कहो पाइ न हालो ॥ सुनो ॥ ४ ॥ दुमुख कहे तब उदास होइ । सुभट आया सहु जोइजी । तस पत्तो न पावे । सुण राय घबराय । नि-श्वास न्हखावे ॥ सुनो ॥ ५ ॥ में जाण्यो थे लाधा होसो । मुजने दियो थो भरोसो जी ॥ तिण सुन्दरी काजे । किया सहु इलाजे । पण मिलीन आजे ॥ सुनो ॥ ६ ॥ तेह बिना सहू संरत सूनी । लाय लागी दिल दूनीजी ॥ प्रधान तब भाखे । तुम भाव राणी पाखे । मुज पग दुःख दाखे ॥ सुनो ॥ ७ ॥ नृप धैर्य राखो मन मांइ । हूं लासू

पत्तो लगाइजी ॥ धाणी भूख भगासुं । वचन सत्य जणासुं । ज्यादा किस्यो कहुं थांसुं ॥ सुनो ॥ ८ ॥ पण एक पहली वंदो वरत कीजे । शत्रू से निडर नहीं रीजे जो । चन्द्रसेण का सिरदारो।दोनों ग्राम मझारो।ते छे होंशारो॥सुनो॥९॥जो लीलावती ग्राममें आसी।ते खवर ते पीसा जी । कैरसां को उपचारा । तेहने कैदमे डारा । फिर फिकर न लगारो ॥ सु ॥ १० ॥ ७ ॥ श्लोक ॥ हस्ती अंकुश मारेण । केस हस्तेन वाजीना ॥ श्रृंगणा दंड हस्तेन । खड्ग हस्तेन दुर्जना ॥ १ ॥ ❀ ॥ इम छुछ कारि दुमुख लगाइ । रजा लेइ निज घर जाइजी । दूजो दिन ऊग्यो ज्यारे । करी शभा तैयारे । नृप मंत्री बेठारे ॥ सु ॥ ११ ॥ पुछे राजा जाणो तो बतावो । कोइ वैरी रह्यो इण ठावो जी । तब मंत्री दरशावे । दोजन इहां रहावे । कौश शैन्य धीशावे ॥ सु ॥ १२ ॥ हाड वैरी ते अपना कहीजे । छुट्टान तस छोडीजे जी ॥ नृप भट्ठ पठावे । दोनो पकडी मंगावे । भट घस मस जावे ॥ सु ॥ १३ ॥ अरी भट सुख सेण आता जोइ । सम ज्यों मतलब सोइ जी ॥ अंगिया की कस तोडी । निज भट भेजो होडी । दों भंडारि ने छोडी ॥ सु ॥ १४ ॥ भन्डारी कस देखी भेद पाया । खसीने शिघ्र सिधाया जी ॥ ज्यों हाथे नहीं आवे । नारी पीयर जावे । तिहां सुखे रहावे ॥ सु ॥ १५ ॥ सुखसेन ने भट पकड ले जावे । कंखरथ सामे

लावेजी ॥ कैदे तस डाल्या । दुःख मन तस साल्यां । फस्या अवसर पाल्या ॥ सु ॥ १६ ॥ जिन भुंवारामे कैद तस डाल्या । तिहां द्वार शैन्या पति भाल्याजी ॥ सुरंग तस जाणीं । मन हर्ष भराणी । निकल्या शैन्याणी ॥ सु ॥ १७ ॥ दुरा जाइ रात सराय में रहाइ । गेंदू चल तिहां आइजी । तम राह्ये छवाइ । पैचान न थाइ । सुखसेन बोलाइ ॥ सु ॥ १८ ॥ तुम कौन किहां थी इहां आया । तव गेंदू दरशाया जी ॥ में गरीब महाराजा । फिरुं पेटके काजा । इहां आयो छूं आजा ॥ सु ॥ १९ ॥ वचन सेंदो लग्यो तिण तांइ । कहें गेंदू सरीखा जणाइजी । ते पण ढिग आइ । शैन्या पति ओलख्याइ । दुःख उमटी आयाइ ॥ सु ॥ २० ॥ रोवंतो गेंदू ने राखीं । पूछे राणी राजा किहां दाखीजी॥ते कहे तेवारे । राणीजी था मुज लारे । भरतपुर जांतारे ॥ सु ॥ २१ ॥ कुल म्राने कपटे फन्दे फस्याइ । तिहांथी महाराःणी छोडाई जी ॥ त्यांथी आगे जा तांइ । मिल्या शत्रू ना सीपाइ । तिण करी कपटाइ ॥ सु ॥ २२ ॥ भरतपुर का बण्या राणी भरमाया । पाछे ते प्रगटाया ची ॥ में झगडा लगाया । पण घणा ते रहाया । मुजे मार गिराया ॥ सु ॥ २३ ॥ लेगया वि॰यपूर राणी जीतांइ। शीत थी सावध हुं थाइजी॥हिंवणा आयो चलाइ । आप मिल्या सुख थाइ । आप किहांथी आयाइ ॥ सु ॥ २४ ॥ सूख सेण वीती बात

सुणाइ । सुखे सुतः दोनों तिण ठाइ जी । अनुराधा ताराई । ढाल अमोल गाइ । आगे सुणो चित लाइ ॥ सुणो ॥ २५ ॥ ० ॥ दुहा ॥ प्रात थयां जाग्रत थया । गेंदू शैन्या पति जाम ॥ चिन्ते राणी सहाय ने । चलो विजयपुर गाम ॥ १ ॥ जो मिले ते मार्गमे विषे । तो लेस्या राणी हाथ ॥ मगदूर नहीं छे नहनी । जो अपणे सामें थात॥ २ ॥ जो पहोंचा होसी शहर में । तो पण करस्यां उपाय ॥ उद्यम थी कार्य हुवे । सुस्ती नो अवसर नाथ ॥ ३ ॥ सज हुवा चालण भणी । थयो भानू प्रकाश ॥ ततले तिहां खुणा विषे । पत्र पड्यो देखाय ॥ ४ ॥ शैन्या यती लेइ वांचीयो । अर्थ नहीं समझाय ॥ दुसरी दा वांचण लग्या । दीर्घ द्रष्टी फेलाय ॥ ५ ॥ ॥ ढाल ५ मी ॥ श्रीजिन आया हो ।

विजय पुरमें कुसुम का प्रणाम कुशल कुन्दनकी

सोरठ देश मझार ॥ आं ॥ शत्रुंजय पुरथीहो द्रिवानन कर प्रणाम । कुशल चांवलदाता

लीलावती में लोभाया मेरा मन फिर हा पकड़ ने को प्रीत

तणी । इन शोभावे हे । लोभावे मेरा मन । वायु गत ग्रह वा भणी ॥ १ ॥ खपी-

गये दहोत दिन आशा पूरी नहीं शोक से दुबला

या वहुलाहो । जे जगत प्रकाश । आस फास तूटी नहीं ॥ दुजी नार थी हो । अर्धथयो

हुवा मुज शरीर पानी अन्न नहीं भावे यहुतक मन्त गमावो जलदी लादेवो

मुज तन । जविन अन्न रुस्या सही ॥ २ ॥ दीर्घ न वीतावो हो । पानी दिदो लाय

र तको यहां आना मेहल पछि के रस्तेसे प्रवश करो कोइ न जाने ज्यो योदिन धन्य गिनूगा
थाय चक्षुहीन वालमे ॥ रहीस पीठे हो । पेसो अलक्ष अन्य । धन्य होस्यु ते ताल में
वं खरथ ने सी.पाद भेजेहै मैने उनको दक्षिण मे भेजेहै. यो न मिले एसा
॥ ३ ॥ काक्षा वाहन हो । रक्षक हुवा प्रयाण । यम दिग मे पठावी या ॥ छांयन पडेहो
पसी हैं शागी रस्यना इस सिक्षासे होगा चिंतीत शरीरको बचना शीत ताप से
। एह राखो दक्ष ताय । सासन होवे फावीया ॥ ४ ॥ गेह बचाजो हो । जाडा ताता थी
तुमारा दया मया रखना उत्तर देना एसाही गुप्त तुमारे हमारे बिच
तुम । धर्म मूल सदा राख जो ॥ दाहिण दिगनेहो ।सन्मुख देजो इण पेर । तुम हम विच
भगवान है.
हरि साखजो ॥ ५ ॥ पत्र पठन्ता हो। ।जिमर अर्थ समजाय । तिमर क्रोध व्याप्यो घणो
॥ मूढने चाने हो । अरुण नेत्र तत्र होय । वरण पलट्यो मुखड़ा तणो ॥ ६ ॥ पूछे गेंदु
हो । किस्यो लिरयो इण मांय । किम जोस तुम तन व्यापीयो ॥ इम सुण वाणी
हो । शैन्या पति ते वार । नेत्र नीर वर्षावी यो ॥ ७ ॥ अहो२ म्हारी हो । शक्ति हुइ
निकाम । जाणी आम चुपको रहु ॥ मुज मालिकनी हो । ले कोइ पत्नी नो नाम । त-
त्क्षिण यम दाढे दहुं ॥ ८ ॥ किम करुं गेंदू हो । नहीं अबी बलको है काम। समता धरी
कल कीजिये ॥ दुष्ट लम्पटी हो । रच्या कैसा उपाय । लाय उठे छे एह वांचता ॥ ९ ॥

राजा मंत्री हो । दोनो लम्पटी यह ॥ धाडो डाल्यो इण कारणे ॥ दुमुख दागीलो हो रचे खोटे परपंच । राणीजी अंग धारणे ॥ १० ॥ गइ राणीजी हो । निश्चय विजय पुर सांय । चालो तिहांइ ढील न कीजिये ॥ आज कालज में हो । पहोंचा तिहा राणी साहब । अपण पण खबर लीजिये ॥ ११ ॥ जो मिले मांगे हो । तो होवे रूडोजी काम । छोडावा सती भणी । गेंदू भाखे हो । ते नो नर घणा श्याम । तिहांसी चाले आपणी ॥ १२ ॥ सुख सेण के वे हो । सांभल शाणा मित । होय जिहा सो जाणी ये ॥ ❀ ॥ दो नयइन्द्र विजय ॥ दोनो कर मिले ताली बाजती । दो पग से चहावे वहां जावे ॥ दो नयनों से सब जग देखत । एक नेत्र को कानो कहवावे ॥ स्त्री पुरुष मिले वंश चलावत । निशी वासर मिल वर्षादी थावे ॥ एकको टेक रहे नहीं कवहु । अमोल होय जहां मोवल आवे ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ रूप दोनो में होय होवे तो घणो जोर । चूंर कूं सम्पीनिल घाणी में ॥ १६ ॥ हिम्मत राखो हो । कार्य उद्यमथी हो होय । मंजार उद्यमे पय चाखीया ॥ इस धर हिम्मत हो । दोनो शूर तत्काल । विजय पुर मग पग न्हाखीया ॥ १४ ॥ चउ दिन पेखन हो । आया विजय पुर पास । ग्राम बाहिर देवालय रह्याया ॥ १४ ॥ प्रच्छन रहवा हो । दोनो रूप पलटाय । शिष्य गुरू जोगी भया ॥ १५ ॥ ऊन आटी

नी हो । मोटी जटा बणाय । गिर शिखर जो शिरे ठवी । सिंदुर टीको हो । रुद्राक्ष माल गलाविषेते शोभवी॥१६॥लंगोट कसीयो हो नंग उतंग वदन । भूणी भकाइ मुख आगले ॥ भभुत रमाइ हो । मोटो चिमटो भर पास । गांजा चिलम श्रय स्नांग ले ॥ १७॥ भिक्षा ने मिसे हो । वक्त वे वक्त ने मांय । खपर ले गेंदू जागइ ॥ गली २ घर २ हो । अलख जगाइ ने जोग । राज महल मांइ आवइ ॥ १८ ॥ इम फिरता हो । न लागी खबर लगार । चिन्ता करे दोनो तदा ॥ फोडो भोग्यो हो । राज घराणा को कोग । तेह थी कार्य होय मदा ॥ १९ ॥ इण उपाये होग । गेंदु ने सिखाय । जाय नित्य राज द्वार ते ॥ भुणी जगावे हो । लगावे ललकार । करामात करे केइ जहार ते ॥ २० ॥ एतो बातज हो । भाइ रही इण ठाय ॥भुलजो मतीअमोलख कहे॥ढाल रोहणी हां । तोरा रां रुथा ए होग । आगे चन्द्र सेणकी सुख लहे ॥ २१ ॥ ७ ॥ दुहा ॥ तिण काले ते अनसरे । कनकपुर मझार ॥ चन्द्र नृप कारा गृह । करे काल प्रसार ॥ १ ॥ चिन्ते नित गं एकदा । जे शत्रु थी भाग्गो डर ॥ तेह तणा राजज विषे । वण्यां केन्दी कर्म कर ॥ २ ॥ जिहां लगन ओलगे । तिहां लग छुटको होय ॥ तो कार्य करी सकु । नहीं तो सगा नहीं कोय ॥ ३ ॥ अहो कर्म विचित्रता ॥ राजा को हुवो चोर ॥ सुवर्ण स्थान लोहो प-

ड्यो । दुगंधी ए ठोर ॥ ४ ॥ तुच्छ अन्न निरव्यन्जने । भु शय्या शोक रमण । निर्बल
ता अति क्षिन वदन । करते ऐम समण ॥ ५ ॥ ❀ ॥ढाल ६ ठी ॥ पास जिनेश्वररे स्वा
मी ॥ यह ॥ शाणा सुणजो हो चित लाइ ॥ चन्द्र नृपनी हकीगत भाइ ॥ आं ॥ पुर्व
संचित पुण्य संजोग । मिले हैं अशुभ माहे शुभ जोग ॥ शाणा ॥ १ ॥ कारा गृह पर
एक सिपाही । पहरो देवे टैम पर आइ ॥ ते तो हूंतोजी गुण ग्राहीं । पण कर्मे ए नोक
री पाइ ॥ शाणा ॥ २ ॥ दयालु मयालु ने मिलापु । दुःखिया ने शक्ति ये सुख आपू ॥
ल तो सांभलज केदीयों केरी । पर सुख देखी ने मन हर्षेरी ॥ शाणा ॥ ३ ॥ एकदा रा
तीये पहरा पर होतो । कैदी भणी चउ पाख जोतो ॥ सर्व वंदी जनरे सूता । चन्द्र सेण
जागता हुंता । शाणा ॥ ४ ॥ ते शिघ्र आयोजी नृप पासे । मिष्ट गिराथी इम प्रकासे ॥
तुम जागोछो हजू भाइ । तुम ने निद्रा क्यों नहीं आइ ॥ शाणा ॥ ५ ॥ चन्द्र सेण भा
खे हो सुण शाणा । नहीं चिन्ता ते नींद घोराणा ॥ दुजो काम म्हारो छे कांइ । आवे
निद्रा तो लेवूं भाइ ॥ शा ॥ ६ ॥ भट तव भाखे हो सुणो भाइ । तुम मन ऐसी चि-
न्ता कांइ । जेहथी निद्रा गइ छे रीसाइ ॥ सुख चहावो तो देवो सुणाइ ॥ शाणा ॥ ७॥
मही धर चिन्ते हो मन माही । आपण शत्रू राज के मांइ ॥ रखे सच कहता हो दुःख

थाइ।इम चिंतीकहे क्या कहुं भाइ॥ शाणा ॥ ११ ॥ भट भाखरे मत छिपावो । किंचित डर म्हारो मत लावो ॥ अन्य दूत जैसो मुज मत जानो । मुज जाती को बाह्मण मानो ॥ शाणा ॥ १२ ॥ म्हारा गुण मुज मुख कहवा । ये तो युक्त नहें सुख देवा ॥ तुमे दुःखी देखी मुज लागे । तेहथी पूछु छूं तुम आगे ॥ शाणा ॥ १३ ॥ तूम बोली गुण देखी मै जाणा । छो कोइक थे मोटा राणा ॥ तुम वीतक सुणी शाक्ति सारू । करस्यू तुम दुःख ने हूं निवारु ॥ १४ ॥ ❁ ॥ इन्द्र विजय ॥ ताराकी जोत में चन्द्र छिपे नही । सूर्य छिपे नहीं बादल छाया ॥ रण चड्यो राजपुत छिपे नही । प्रिती की रीति छिपे न छिपाथां ॥ चंचल नारी का नेण छिपे नहीं । दाता छिपे नही मंगत आया ॥ कवी गंग कहे सुन शाह अकबर । कर्म छिपे नहीं भभूत लगाया ॥ १ ॥ ❁ ॥ ढाल ॥ चन्द्र सेण केवे हो सुणो भाइ । या अश्चर्य कथां थां सुणाइ ॥ कारा ग्रह का होजे सिपाइ ॥ तेहने हृदय दया किम रहाइ ॥ शाणा ॥ १५ ॥ बोले विप्र ए साची भाखी । जैसे देखी तैसी दाखी ॥ पण मुज भणी न अजू पहचान्यो । तेहथी कहुं चारित्र म्हानो ॥ शाणा॥ १६ ॥कंख रथ राजजी का बाप॥मुज तात ने दीजागीरी आप॥मुज बाप मूवां याते खोसी॥ हुं मुज तन नही सकीयो पोषी ॥ शाणा ॥१७॥ तुरंग पति के म्हारी प्रीती । तिण मुज दीनो

करी एती ॥ वर्सू हिरण मासकी आवे । खातां वस्त्र थी उगरावे ॥ शा ॥ १८ ॥ आंध लूला पंगु प्राणी । तेने देवू हुं हित आणी ॥ वृद्ध वय दूजो न सूजे कांइ । तेहथी आयु खुटावू छांड ॥ शा ॥ १९ ॥ एह मुज विरतंत तुमने सुनायो । कहो थाने जो होवे इच्छायो ॥ ढाल अरुंधा नाराकी कहीये । अमोल चन्द्र नृप आगे सुख लहीये ॥ शा ॥ २० ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ अवनी पत चित चिन्तवे । ए भद्रिक प्रणाम । इणने दुःख दर्शावतां । होसी अपणो काम ॥ १ ॥ ततले विचुद्ध बोलीयो । मुज मन दुःख अपार ॥ शिघ्र कहो वीतक कथा । संशय चित निवार ॥ २ ॥ थांरे म्हारे बीचमें । साक्षी श्री भगवान ॥ किंचित कपट जो में करुं । तो पडूं नर्क के स्थान ॥ ३ ॥ ओर नहीं वश म्हारो । कहो जो इच्छा होय ॥ निश्चय भयो म्हार मने । तुम नृपत छो कोय ॥ ४ ॥ अत्यन्त्य अग्रह जाणने । कहे नृप चन्द्रसेण ॥ सुण भाइ म्हारी कथा । सुखियो कर मिला सेण ॥ ५ ॥ ❀ ॥ढाल७ मी॥सतगुरु निर्वाणी२॥यह०॥सुनो भाइ कर्म कहानी कर्म कहानी चन्द्रसेण राजानी ॥ शा ॥ आं ॥ चन्द्रसेण मुज नाम कहीजे । विजय पुरी रहवानी ॥ दुष्ट कंखरथ करी चडाइ । लूंटी नगरी म्हानी ॥ सुनो ॥ १ ॥ गत समय अचानक आइ । चोर तणी मती ठानी ॥ राज स्वजन छोड मे निकल्यो । दगाथी हुयो हेरानी ॥ सु ॥ २ ॥ रन बन अट

वी में जा पडिचो । खाया फल पीयो पानी ॥ इहां तण भट पकडी लाया । चोरज मुजने जानी ॥ सु ॥ ३ ॥ विप्र भट तव पग लागी कहे । क्षमीयो मुज नादानी । विन पहचाने दुःख मे दीना । बोल्यो कम जवानी ॥ सु ॥ ४ ॥ अब कांइ फिकर करो मत । मिलसी संपत पुरानी ॥ यह बुद्धि आप अच्छी बापरी । राखी बात छिपानी ॥ सुनो ॥ ५ ॥ होण हार होती जो हुइ ॥ न चिन्तो बात गुजरानी ॥ उभय पीद कीजो मुज लामे । बेडी तोडूं थानी ॥ सुनो ॥ ६ ॥ बाहिर निकल सीधा पधारो । रहजो मा इन ठिकानी ॥ पाछी संपत पावो श्वामी । सार कीजो तव म्हानी ॥ सुनो ॥ ७ ॥ धराधव कहे बात विचारो । वेडी काट्या म्हानी । किल्ला पतीने मालम पडिया । कुन्दी करसी थानी ॥ सु ॥ ८ ॥ कहे ब्राह्मण फिकर न कीजे । यहां पोल तणी राज ध्यानी ॥ गजराज सा गडक होजावे तो । थारी कांइ चलानी ॥ सु ॥ ९ ॥ म्हारी फिकर न करो जराभर।पग झट करो मुज कानी ॥ चन्द्र नृप पग लम्बा कीना । शस्त्र ला शिघ्रानी ॥ सु ॥ १० ॥ वेडी तोडी बाहिर कहाडया । द्वार लग पहोंचानी ॥ वक्त याद करीजो श्वामी । कह आ बैठ्यो ठिकानी ॥ सु ॥ ११ ॥ गुप्त मार्ग अन्धार में भमता । आया गाम बारानी ॥ सीधाइ ते वनमें चाल्या । मग न दिखे नजरानी ॥ सु ॥ १२ ॥ विषम झाडी में आ पडीया । रह्या आगि

या चमकानी ॥ जाण्यो ग्राम तणा ए दिवा । लहु विश्रामो त्यानी ॥ सु ॥ १३ ॥ तस अनुसारे शिघ्र चालतां । पड्या खाडमां जानी । शरीर टोंचाणो मस्तक फूटयो । लागी चोट सिल्लानी ॥ सु ॥ १४ ॥ पानी माहे वस्त्र भीना । जे दिया ते विप्रानी ॥ सावध होइ आगल चाल्या । विषम पहाड ते जानी ॥ सु ॥ १५ ॥ रखे पडूंहू वीजे स्थाने । तेह डरे कड झुकानी । हाथ से मार्ग जोता जावे ॥ कम्मर लगी दुःखानी ॥ सु ॥ १६ ॥ स्वपद आपदे हाथे आवे । जेहरी जीव वन म्यानी ॥ पुण्य जोग कोइ दंश करे नहीं । जीव जावे घवरानी ॥ सुनो ॥ १७ ॥ गुफा माहे सिंह गुंजावे । जावे पहाड मर्जानी ॥ जाणे नृप ए आइ खावे । तिथी खुटीं आयुष्यानी ॥ सुनो ॥ १८ ॥ आगल मार्ग अतीही विषमो । जागा नहीं जावानी ॥ शीलापट एक मोटो वांको । वैठा तिण पर जानी ॥ सु ॥ १९ ॥ कम्मर सीधी करवा लेट्या थाक्या लम्बा तानी॥ आलस आयो निद्रा घेरानी॥मनमें रही उठवानी ॥ सु ॥ २० ॥ गुडिया पडिया पर्वतथी ते । गुडता चाल्या ते ठानी ॥ पकडन ने नहीं आसरो कोइ । गया चित अकुलानी ॥ सु ॥ २१ ॥ कंकर गोखरु तिक्षण कोरथी । शरीर गयो झाडानी ॥ खाइ कांठे खेजडी आइ । गृही तास द्रढतानी ॥ सु ॥ २२ ॥ तिण आसेर रह्या पढीते । वायु अंग भरानी । टोंचणो सहु अंग सूजीयो । वीजली तन चम

कानी ॥ सुनो ॥ २३ ॥ शीतल पवने थर२ कांपे । दुःख अंग अंगानी ॥ इण परे ते रात खुटाइ । गति विचित्र कर्मानी ॥ सुनो ॥ २४ ॥ छेला पापनी वेदनी भुक्ति । ढाल मघा तारानी ॥ कहे अमोल आगे हिव सुणिये । चेतनृप पुण्य वानी ॥ सुनो ॥ २५ ॥ ॐ ॥ दुहा ॥ प्रभाते प्रकाशीयो । दीसण लाग्यो नेण ॥ बेठा हुवा नृपती । पेखंता तत्क्षेण ॥ १ ॥ खाइ ऊंडी अति घणी । तास किनारे झाड । ते झाली कहाडी रात मे । पड़तां टूटता हाड ॥ २ ॥ ॐ ॥ श्लोक ॥ ~ने रणे शत्रू जलाग्नि मध्ये । महा रणे पर्वते मस्तकवा ॥ सुप्तं प्रमत्यं विषमः स्थितवा । रक्षंती पूण्यानी पुरा कृतानी ॥ १ ॥ ॐ॥ दुहा आयुष्य पुण्य का बलथी । आज वच्या मुज प्राण ॥ हिवे आगल होसी किसो । जाणे श्री भगवान ॥ ३ ॥ किहा प्रिया किहां मंत्रवी । पतो नहीं तास मुज ॥ म्हारो पिण तस कुणकहे ।जे मे भुलच्यो गुज ॥ ४ ॥ चित स्थिर कर समरण कियो।मंगलिक महा नवकार । जिके तो प्रगट हुवा । झल झलाट दिनकार ॥ ५ ॥ ॐ ॥ ढाल८ मी ॥ में मुख देख्यो गोडी पारसको ॥ य० ॥ सुणो हो चतुर नर पुण्य प्रवल जग । दुःख मिटी सुख थायजी ॥ आं ॥ सूर्य तेज प्रभावे भूपनी । शीतल ता हुइ दूरजी ॥ अकडानो अंग रग तब छूटी प्रफूलित्त भयो नूरजी ॥ सु ॥ १ ॥ पहाड ऊंचा अति भयकर दीसे । खाड झाड असराल

जी ॥ चडन की शक्ति नहीं अंगमें । दुःख भोगी तन हुवो खालजी ॥ सु ॥ २ ॥ तिहां
ही शुद्ध भूमी कर करथी । कर पग खुल्ला कीधजी ॥ आलस मोडी सुस्ती भगाइ । आ
गें चालण चित दीधजी ॥ सु ॥ ३ ॥ क्षिण२ अन्तर ले त्रिसामा । चमके सघलो अंगजी
॥ भूख प्यास पण घणेरी । तेहथी चित होवे भंगजी ॥ सु ॥ ४ ॥ योग फल लेइ खाया
। पीयो झरणारो नीरजी ॥ आधार थोडो हूवो तेहनो । स शक्त हुवो शरीर जी ॥ सु ॥
५ ॥ खाड उल्लंघता पहाड पे चडवा । निशी रह्या तरु पर तेहजी ॥ तीन दिवस इम नृप
खुटाया । थाकी घणी तस देहजी ॥ सु ॥ ६ ॥ आगल आयो मैदान मोटो । रमणिक
उध्यान देखजी ॥ फक्ती बंध वहू वृक्ष मनोहर । साता कारी विसेखजी ॥ सु ॥ ७ ॥
आम्रू जांव लिम्व केल आमली । दाडिम सीता फल जी ॥ रामफल निगोद केतोडी
बील पलास्या । द्राभ अंगुर नी वेलजी ॥ सु ॥ ८ ॥ वड पिंपल उम्बर ने वरदी फल ।
नारंगी फणस कचनार जी। चंपा चमेली गुलाव केवडा।जाइ जूइ मोगरा गुल जार जी ॥
सु ॥ ९ ॥ पत्र पुष्प फल करीने भरीया । हरीया घणा शोभायजी ॥ पक्षी नाना क्रिडा
करे तिहां । मंजुल शब्द गुंजायजी ॥ सु ॥ १० ॥ तोता मेना सारस सालूंकी । चकवी
चकवा चकोर जी ॥ चिडीयां वहु रंगी कमेडी कबूतर । तीतर परेवा मोरजी ॥ सु ॥११

॥ झरणा झर रह्या ज्यो टूटयो । जाणे मुक्ताफा हारजी ॥ कुंड पुष्करणी कूवा सर नाला देख्या लगे मनो हार जी ॥ सु ॥ १२ ॥ ❁ ॥ गाथा ॥ नाणा दुम्म लगाइ नं । नाना पक्खी निसेवी यं ॥ नाणा कुसम सं छिन्नं । उज्झाणं नदणो वमें ॥ ३ ॥ ❁ ॥ ढाल ॥ मोटी सीला घटारी मटारी । जाणे विछायो चौरंगजी ॥ तिण उपर नरपतजी विराज्या । वन देखी हुवा दंगजी ॥ सु ॥ १३ ॥ थोडी देर विश्राम लइने । पेट पूजाके काज जी ॥ मधूर नरम ने पुष्टिदायक । फल लेइ खोला माजजी ॥ सु ॥ १४ ॥ तब अबाज आयो पाणी को । तिण दिस रायजी जायजी । मही सरीता सागर नीता । तिहां बेठा फल खायजी ॥ सु ॥ १५ ॥ पाणी की कलोल निरखता । मगर मच्छी ने कच्छजी । कपी कपिणी निज बालक लेइ । बेठा नृप पास स्वच्छजी ॥ सु ॥ १६ ॥ इत्यादी तमासो देखी । नृपती दुःख गया भूलजी ॥ पेट भरी फल अहारज कीधो।पाणीपी कियो कुलजी ॥ सु ॥ १७ ॥ तेह पचावण ठेहले तिहां नृप । वन श्री जोय हर्षाय जी ॥ दीर्घ सिलपट देखी भूधव। सूता तिणपर जायजी ॥ सु ॥१८॥ चिन्ते शोभा किण इहां निपाइ । वनश्री मनो हार जी ॥ इम अनेक विचार करता । निद्र वश हुवा जार जी ॥ सु ॥ १९ ॥ एक थकाने रात उजागरो । फल थी पेट भराणो जी ॥ निश्चिन्त स्थान एकान्त ते

जोइ । निद्रा में नृप घेराणो जी ॥ सु ॥ २० ॥ इहांइ सहायक मिले आइ सारा । ते सुणो आगे अधिकार जी ॥ पूर्वा अर्न उत्तरा का ताराकी ॥ ढाल अमोल उचारजी ॥ सु ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ तिहां थी अति ढूंकडी । भाल पल्ली थी सुखदाय ॥ पल्ली पती सहु परि वार थी । रहतो थो सुख मांय ॥ १ ॥ तिण समय ते सज हुवो । रेशमी धोती कस ॥ जरी पोशाक हेम कुडदोरो । अंग चंग कृष्णश ॥ २ ॥ तीर कमान कर में ग्रही । अपणा मैत्री संग ॥ खेलण आयो उद्यान मे । धरतो चित उछरंग ॥ ३ ॥ तिणही वन फिरतां थका । आंया राजा पास ॥ सूरत सेंदी देखकर । मनमे करे हियास ॥ ४ ॥ है काइ पुण्य वंत जीव यह । पण दुःख पाया पूर ॥ जाग्या थी सहू पूछस्युं । बैठ्यो तिहां हर्ष उर ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल९ मी ॥ सील पर समकित खुल रही । दयापर दोलत झुक रही ॥ यह ॥ पुण्यो दय होवे पादरो । कांइ पुण्य बडो संसार हो श्रोता ॥ पुण्य थकी संपत मिले कांइ । चिन्तीत पडे सहू पार हो श्रोता ॥ पुण्य ॥ १ ॥ पहर दिन बाकी रह्यां । कांइ जाग्या चन्द्र भुपाल हो श्रोता ॥ आलस तज बैठा भया कांइ । निद्राथी चक्षुलाल हो श्रोता ॥ पुण्य ॥ २ ॥ पल्ली पतने औलखी । कांइ अश्चर्य थया त्रपाल हो श्रो । अहो रामजी किहां थकी । तुम इहां आया चालहो श्रोता ॥ पुण्य ॥ ३ ॥ अति

आश्चर्य वन चर पति । कांइ ऊठी कियो जुहार हो श्रोता ॥ श्वामी जी आप किहां थकी । इहां विराज्या पधार हो श्रोता ॥ पुण्य ॥ ४ ॥ हर्षा नन्द ना आं सूडा । कांइ आया उभयने नयन हो श्रोता ॥ आज सारो दाडो माहेरो । कांइ पल्लीपत कहे वयनहो श्रोता ॥ पुण्य ॥ ५ ॥ पुनः नृप पूछे किहां थकी । तुम आया इहां वन मांय हो श्रोता ॥ परिवार सहू तुम सुखी अछे । बैठो सहु दो सुणाय हो श्रोता ॥ पुण्य ॥ ६ ॥ कर जोडी पल्लीपत भणे । कांइ सांभलो आप सिरकार हो श्वामी ॥ तमारा चरण प्रताप थी । हमो सहु छां सुख मझार हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ ७ ॥ पल्ली हमारी इहां अछे । सपरिवारे इहां छे वास हो श्वामी ॥ आपकी धरणी ए सहु । अने हमे सहु आप का दास हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ ८ ॥ ❀ दुहा ॥ दूर रहे ते न घटे । उत्तम मनकी लाग॥सो जुग पाणी में रहे । न बुझे चक मक आग ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ नृप पूछे पल्ली पत ने । थां विजय पुर छोड्यो किण वार हो मित ॥ प्रधानजी आदि किहां अछे । थे जाणो तो करो उपाय दो मित ॥ पुण्य ॥ ९ ॥ भिल द्विप कहे जिण रातरा । कांइ शत्रू ये डाली धाड हो श्वामी॥तिण दिने हुं इहां आवी यो।पाछे सुणिया सहु दिया काडहो ॥ श्वामी॥ १० ॥ सुणीने में पठावी या कांइ । जोवा ने लोक हो श्वामी ॥ पतो नही लाग्यो कोइ-

को ॥ कांइ महनत हूइ सहू फोक हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ ११ ॥ कूपणो मण्यो कहतो हू-
तो । कांइ हम ने मार्ग माय हो श्वामी ॥ वैपारी एक मिलयो हूंतो । पण पाछो नहीं ते
पाय हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ १२ ॥ राय कहे ते तो हुंइज हतो । पण अशुभ कर्म ने जोर
होमित्र॥ पकडी ले गया कन्कपूर कांइ ।सीपाइ कर चोर हो मित्र॥ पुण्य ॥ १३ ॥कारा
गृह भुक्ति करी । मुझ कूट्या हुवा दिन चार हो मित्र ॥ होण हार टले नहीं । कांइ की
धा क्रोड प्रकार हो मित्र ॥ पुण्य ॥ १५ ॥ पस्ताइ रामा भणे । कांइ म्हारी जान गिंवा-
रहोश्वामी । एकला आपने मेल ने । गेंडा गया गांव मझार हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ १५ ॥
नृप कहे तिण नहीं ओलख्यो । अने में नहीं कह्यो पूछ्या भेद हो मित्र । तो पण स्वा
गतकी धणी । तुम किंचित मत करो खेद हो ॥ मित्र ॥ पुण्य ॥ १६ ॥ पछी पती क-
हे पूण्य थी । कांइ आप का होवा दर्शन हो श्वामी ॥ मन वांछित फल सिद्ध हूवा । ही
यो हूवो प्रसन हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ १७ ॥ नृप निश्वासो न्हाखीयो । कांइ मुख कीयो
उदास हो श्रोता ॥ तस्कर पती इण पर भणे । आप मत करो कोइ विमास हो श्वामी॥
पुण्य ॥ १८ ॥ होण हार जो हो गयो । अब नहीं कमी लगार हो श्वामी॥ आप ॥ हूकम
में हम अच्छा कांइ । बीस हजार जूजार हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ १९ ॥ परिवार ढूंढा

मलावसा । अने करस्यां शत्रू का नाश हो श्वामी ॥ थोडा दिन में आपका । पहला त्रिलसो सुख वास हो श्वामी ॥ पुण्य ॥ २० ॥ सुणी बचन पल्ली पत का । कांइ नृपती धैर्य लाय हो श्रोता ॥ भरणी कृता कासतारकी । यह ढाल अमोल सुणाय हो श्रोता ॥ पुण्य ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ तिण अवसर तिहां आवीयां । कृष्णा मण्यो दोइ भील ॥ आया पेखी चन्द्र नृप ने । कहे पती ने धर लील ॥ १ ॥ यही ते वैपारी छे । मिल्या था जंगल मांय ॥ रामाजी कहे गांडा भया । एह नृप चन्द्र महाराय ॥ २ ॥ तुम छोडी गया एकला । पीछे पाया घणो दुःख ॥ चमक्या इम दोनो सांभली । प्रणमी बोले मुख ॥ ३ ॥ क्षमा अपराध एह हम तणो । जेम अजाणे कीध ॥ चन्द्र मधुर स्वर इम कहे । ए हम कर्म की विध ॥ ४ ॥ अजाणे तुम मुझ भणी । दीनो घणो संतोष ॥ इम सुण दोनो मन विष । पाया घणोहि तोष ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १०मी ॥ राघव आवीया हो ॥ यह० ॥ तेह वन रमणीक जाणी । राय को लाग्यो मन ॥ तंबू डेरा बंधाया तिहां । रहने को राजन ॥ सुगुणा सांभलो हो । चन्द्र सेण पुण्य प्रकाश ॥ आं ॥ १ ॥ शरीर को निर्मल बनावै ॥ कियो मर्दन तेल ॥ स्नान औषध आदि सेवी । पोढ्या मुखमल पेल ॥ सू ॥ २ ॥ एकदा रामाजी बिचारे । निज मुख्य सामन्त बोलाय ॥ आपण

चाकर राजा का । सेवा करो वक्त पाय ॥ सु ॥ ३ ॥ ते पण कहे यह धर्म अपणो । न
बाइ इण मांय । वक्त सेवक सेवा साधो ॥ श्वामी ने सुख उपजाय ॥ ४ ॥ संतोष वनृ
पती चितवे । रणांगण मा काल ॥ सहु सूर ने करा भेला । नृप खुश होसी भाल । सु
॥ ५ ॥ और जोगी करी सल्ला । जची सहु के मन । ते प्रमाणे सज्ज हूवा सहु । सामां-
त दूजे दिन ॥ सु ॥ ६ ॥ नफर पास बजावे ढोल ने । बहु ऊंचस्थाने जाय ॥ सुणी सुर
ते धनुष्य बाण ले । रणां गणे भग आय ॥ सु ॥ ७ ॥ क्षिण तरे सहु आइ जमीया ।
दो दश सहस्र तहां भील ॥ करी अर्जी चन्द्र नृप ने । रामाजी आदि मिल ॥ सु ॥८ ॥
देखीये श्वामी शैन्य आपकी । है केवी दुरदंत ॥ आप हुकमे एक क्षिण में । आणे शत्रू
अंत ॥ ९ ॥ राय आया तम्बू बाहिर । ऊंच्चस्थान खडा रेय ॥ देख समोह प्रबल चंगो
। अन्द अंग व्यापेय ॥ मु ॥ १० ॥ केइ कर तरवार वरछी । फरसी खड्ग कटार ॥ वंदू
क तमंचा पिस्तुल तोमर । गुप्ती शोटा धार ॥ सु ॥ ११ ॥ इत्यादि तारह २ का । जु-
दा २ शस्त्र हाथ ॥ धनुष्य बांण ने गोफणी तो । छजी सहु ने साथ ॥ सु ॥ १२ ॥ सं-
तोषा णा नृप देखी । रामो भाखे इम । प्रमेश्वरनी साखथी । आप फरम कहुं जिम ॥ सु
॥ १३ ॥ कपट इण से कभी न करस्यूं । पालस्यु पुत जेम ॥ मंही पत कहे सुणो सहु-

ही । मुज वयण न फिरे केम ॥ १४ ॥ ए सहू मुज प्राणसे ज्यादा । राखस्यु उम्मर भर ॥ जिहां सूधी ए नहीं बदले । तिहां सूधी न अन्तर ॥ सु ॥ १५ ॥ ❁ ॥ श्लोक ॥
चलंतिमेरु मंदिर कदाचित । चलंती धरणी ग्रह चन्द्र सूर्थ ॥ सत्पुरुष वाक्यं नैव चलंती । प्राणांत राजन् धर्म वदंती ॥१॥ ❁ ॥ढाल॥ तव पल्ली पती सहु भीलोने।हाक मार कहे एम ॥ इष्ट देव ना सम खाइ सहू । बोलो अटल शुद्ध प्रेम ॥ सू ॥ १६ ॥ चन्द्रसेण है नाथ हमारा । रहस्या आणे सदाय ॥ किंचित दुःख थावा न देस्यां । मूंडकी जो जाय ॥ सु ॥ १७ ॥ सहू जननमकरीने। कहे इम पूकार ॥ आप हूकम प्रमाण म्हाणे ।चन्द्र सेण शिरकार ॥ सु ॥ १८ ॥ जय २ कार गर्जाव रव जिम हूवो।तब तिण स्थान॥मंगल को सहु ते दिन मानी । कीना मिष्ट खान पान ॥ सु ॥ १९ ॥ चन्द्र नृप कहे आजथी नित्य । सहु आणो इण जाय । एक प्रहर संग्राम नी कला । सीखिये धर लाग ॥ सु ॥ २० ॥ कबूल कर सहू गया स्थाने । नित्य वक्त सिर आय ॥ राजेश्वर अति चुंप धर तस ॥ विवध कला पढाय ॥ सु ॥ २१ ॥ निशाणा मारण जात प्रकृती । सहुथी होंश्यार ॥ गुप्त लडाइ गुजरीती । सिखाते नित्य घडी चार ॥ सू ॥ २२ ॥ भिल पत थया चन्द्र नृप । सत ज़णा तस आगे मान ॥ कार्य साधन आपणो । तस विश्वासीनर जान ॥ सु ॥२३॥

सुख रहे चन्द्र नृप तिहां । आस धरत अपार ॥ और सज्जन मिले इहां । ते आगे अ-
धिकार ॥ सु ॥ २४ ॥ खन्ड चतुर्थ अमोल भाखे । शत भिषं विन्दू हीण ढाल ॥ सती
लीलावती तणा । आगे सुणियो हवाल ॥ सु ॥ २५ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ हिवे महा सती
लीलावती । देव धर भारती घेर॥काल क्रमण करे सुखे।आपसे प्रेम बहु पेर ॥ १ ॥जाणी
गुणवन्त दम्पती । दाना ने धर्म वन्त ॥ एकदा निज मत्य वारता ॥ सती तास भणन्त
॥ २ ॥ सुणी दे.नो अश्चर्य हुवा । अहो महाराणी। आप॥कर्म घेर्या आया इहां । रखे को
पामो संताप ॥ ३ ॥ क्षमजो गुन्हो जे हमतणो । जे कीधो अजाण ॥ लीलावती कहे आ
पतो । मात पिता ने समान ॥ ४ ॥ सुख पामी तुम थी घणो । भक्ति न मुजथी होय ॥
अवसरे उपकार फेडस्युं । क्षमजो अपराध मोय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ११ मी ॥ तीर्थ ते न-
मूर ॥ यह० ॥ इम तीनो ने आपसे । रहे सम्पसेरे । वीताड ते वार ॥ कर्म गती सांभ
लोरे ॥ पुत्री सरीखी जाणने । माया आणनेरे । जाप तो करे अपार ॥ कर्म गती संभ
लोरे ॥ १ ॥ एकली बेठण दे नही । कथा कही । पूराण तणी रस भर ॥ कर्म ॥ सती
पण जनक जननी परे । भक्ति करेरे । नबणे एहवो अवसर ॥ कर्म ॥ २ ॥ उपर थी खु-
शी रहे । मन दुःख दहेरे । विसरे किम भोग्या सुख ॥ पति चित क्षिण२ संभरे । नहीं

याद करेरे । जिम चकवी भानु मुख ॥ क ॥ ३ ॥ ❀ ॥ छपय ॥ सज्जन अंतसे खुच रहे । मिले केइ सज्जन समाना ॥ तिनकी होड नहोय । कनक पित रंग एक जाना ॥ परिक्षक भूल न गुन । जोये जिन अनल तपाना ॥ बदले नहीं जेरंग । भोगवे विपती नाना ॥ तिनकी याद कहा कीजीये । जेह कभी विसरे नहीं । अमोल सच्चे सज्जना । विरला जग पावे सही ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ कब ऐसो दिन आवसी । पती पावसीजी । कब पुरसी मुज आस ॥ कर्म ॥ ४ ॥ जागृत हो आर्ती करे । मन संभरेरे। ज्ञान थकी समजाय ॥ कर्म ॥ इम काल अती क्रमें । इन्द्रि दमेरे । करे तप अनेक शोषे काय ॥ कर्म ॥ ५॥ मन राखे दोना तणो । ते माना घणो । सती तणो उपकार ॥ कर्म ॥ तेतले कर्मना जोगथी । कोइ रोगथीरे। वृद्धिका हुइ वीमार ॥ कर्म ॥ ६ ॥ शीत ताप रक्षा करण । नहीं को सरणरे । स्थान वस्त्र ते पास ॥ कर्म ॥ औषधी पण किहां थी करे । वनमे वसेरे । क्षिण शरीर थयो तास ॥ कर्म ॥ ७ ॥ चाकरी सती करे घणी । जे वक्ते वणी । पण न देसके आयु भाग ॥ कर्म ॥ आयु नेडो जाणने । हित आण नेरे । कराया पच्चखाण ॥ कर्म ॥ धर्म कथा संभला वइ । जिन गुण कही । बंधाव्यो भातो सुजाण ॥ कर्म ॥ ८ ॥ काल समय कालज करी । शुभ गति वरीरे । दुट्यो ए पण आधार ॥ कर्म ॥ डोकरो

आर्त करे घणो । हिवे कुण मुज तणोरे । सती धैर्य दे ते वार ॥ कर्म ॥ ९ ॥ जेजे जीव पूं-
जी लावी या । ते पावीया जी । वधे घटे न लगार ॥ कर्म ॥ एकलो जीव आवी यो ।
तिम जावीयो जी । नहीं जगे को राखनार ॥ कर्म ॥ १० ॥ ® ॥ श्लोक ॥ एकाकी जा
यते प्राणी । तथै काकी विलाय ते ॥ सुख दुःख सथे काकी । भुक्तं कर्म वशं धूवं ॥ १
॥ ® ॥ ढाल ॥ सती पण चिन्ता करे । कर्म इण परेरे । छोडे नहीं मुज लार ॥ कर्म ॥
किंचित सुख जो कधी बने । कर्म तेह हनेरे । ए हुइ तीजी वार ॥ कर्म ॥ ११ ॥ आपस
में वातां करे । एकेक आसेरेर । आपां किया पाप करुर ॥ कर्म ॥ ते इहां उदय आवही ।
सुख जावहीरे ॥ कर्म ऐसा निष्ठूर ॥ कर्म ॥ १२ ॥ आपसमे समजा वाइ । ज्ञानज दइरे
। रोयां दुःख नहीं जाय ॥ कर्म ॥ जो सुख रह्या नहीं । गया वहीरे । तिम दुःखही वि
रलाय ॥ कर्म ॥ १३ ॥ पुरुष पाल ते वृद्ध सही । सती वाल वइ । दोनोइ सुख माल ॥
कर्म ॥ आश्रय नारी नारी तणो । होवे घणोरे । वाणियो खुटावे काल ॥ कर्म ॥ १४ ॥
तो पण कर्म धाया नही।आगे सुणो सही।इहां पण जे थाय।कर्म।मूलतारा तणी।अमोलख भणी
जी।आगे सुणो चित लगाय।।कर्म॥१५॥®।।दुहा॥तिण अवसर तिण वन विषे।धाडायतीकी टो-
ली एक। भटकती थाकी आइ तिहां । गुप्त सुख स्थान देख ॥ १ ॥ ते वावीथी कुछ अन्तरे

। उतर्या लियो विश्राम ॥ भोजन पान नो सज करे । पाया जरा आराम ॥ २ ॥ मालि
क ते टोली तणो । उंच्चस्थान को पेख ॥ विछा विस्तर सुतो थको । चउ बाजू रह्यो दे-
ख ॥ ३ ॥ तिण अवसर लीलावती । जल भरवाने काम ॥ आवी ते पुष्करणिये । बैठा
मांज घट ताम ॥ ४ ॥ याद आवी माजी तदा । लेगइ इहांथी लार ॥ आसरो हूंतो घ
णो । कर्म करी निरधार ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ १२मी ॥ धम्मो मंगल मही मानीलो ॥
यह० ॥ तस्कर पति दृग पेखता । लीलावती द्रष्ट आय ॥ अविलोकी अनोपम छवी ।
नयन गया ललचाय ॥ १ ॥ जो वो विचित्र गति कर्मकी ॥ किहां न छोडे तेह ॥ अट
वीमा सती रहे । तिहां पण आवी पुग्या तेह ॥ जोवो ॥ २ ॥ आहा यह अपच्छरा इ-
हां । कहां से आइ चलाय ॥ वन देवी के विद्या धरी । मेखान मेख पे खाय ॥ जो ॥
३ ॥ माधव केशव ते बोलाइयो । देखो यार यह नार ॥ ऐसी मैने देखी नही । कौनहै
रौ विचार ॥ जो ॥ ४ ॥ मनुष्य शब्द सुण ने सती । जोवो द्रष्ट लगाय ॥ धाडयती
ने देखने । गइ मन में घबराय ॥ जो ॥ ५ ॥ तत्क्षिण जल भर ने चला । धरती चित
कइ वैम । खे आया ते पापीया ॥ खोसी ले म्हारो क्षेम ॥ जो ॥ ६ ॥ जाती जोइ स-
ती भणी । माधव मन अकुलाय ॥ डर पण आवे चित मे । ए मोटे घरकी देखाय॥जो॥

६ ॥ कहे केशव को गुप्त तुम । जावो इसके संग ॥ पता लावो कहां रहे । कैसा है ६२
का ढंग ॥ जो ॥ ८ ॥ पीछे केशव चल्यो । देखी झोंपडी रही दूर ॥ यह वश आणी स
जहे । हर्ष्यो मुख को नूर ॥ जोवो ९ ॥ जलदी२आय कर । कहे सुनो राव साव ॥ ब
टाटि की झोंपडी । उसमें रहे जनाव ॥ जोवो ॥ १० ॥ मधव कहे फिकर नही । देखेंगे
जाती वक्त ॥ आजतो याही रेवेगे । थक गयेहैं शक्त ॥ जोवो ॥ ११ ॥ भोजन पान इ
च्छित किया । लाया लूटी माल ॥ ते संभाली जमा कियों । मन में लीलावती ख्याल ॥
जावो ॥ १२ ॥ संध्या हुइ रवी छीप्यो । मह्व तस्कर हुवा होंशार ॥ समेटी सरा जामने
। चालण हुवा तैयार ॥ जो ॥ १३ ॥ लीलावती ने बृद्ध तें । बैठा प्रणकूटी बार ॥ कहे
बृद्ध फीकर करे मती । थोडा दिवस मझार ॥ जो ॥ १४ ॥ दुष्टकंखरथ का नाश कर ।
चन्द्रनेस लेसी राज । तुमने ते भूलेनहीं । लेसी जरुर वोलाज ॥ जो ॥ १५ ॥ इत्ते तो
तिहां सांभल्यो । मनुष्य पाद झणकार ॥ चमकी लीलावती भणे । पिता साब होंशार ॥जो॥ १६
॥ तेतल ते आवी पड्या । लियो ब्रद्ध ने बान्ध ॥ हाथा जोडी घणी करी । जरा न दी
यो ध्यान ॥जो ॥ १७ ॥ ऊंची मुशक्या बांधने । दी यो वृक्ष ने लटकाय । थर २सती
कांपती थकी । छिपी झोंपडी में जाय ॥ जो ॥ १८ ॥ मधव बड २ तो थको । गयो कू-

_ा ने मांय ॥ कर गृही सती तणों । खेंची बाहीर लाय ॥ जो ॥१९॥ आगलगाइ झोपडी भणी । मनमे घणा हर्षाय ॥ यारों काम अपना हूवा । अब ठेरना नही ढांय ॥ जो ॥ ॥ २० ॥ ❁ ॥ श्लोक ॥ बालकों दुर्जने श्चौरो । वेंधो विप्रश्च पुंत्रिका ॥ अर्थी नृपो ऽ ती-थी वैश्यां । नविदुःसह शां दशं ॥ १ ॥ ❁ ॥ ढाल ॥ लीलावती ने लेय ने।निर्भय चाल्या जाय ॥ आनुराधा पूर्वा उत्तरा मिली । ढाल अमोक गाय ॥ जोवो ॥ ❁ ॥ दुहा ॥ गामडा लूटता थका ।चाल्या आगे जाय ॥ खाइ आइ ऊंडी तिहां।तब ऊग्यो दिन राय ॥ १ ॥ गुप्त ते स्थानक जाणने सहू लियो विश्राम ॥ विछायत विछायने । बेठा माधव ताम ॥ २ ॥ केइक तो लग्या काम में । केइ निद्रा गत थाय ॥ पेट पूजा केंइ करे । निर्भय सहू रहाय ॥ ३ ॥ सती बैठी एकान्त में। धरती आर्त ध्यान । नेणाथी वारी झरे । थाकी हुइ हैरान ॥ ४ ॥अहो २ कर्म गति महेरी । विषमी बहु जणाय ॥ सुख इच्छाहूवी गइ । आयुष्य रह्या ढिग आय ॥ ५ ॥ ❁ ॥ ढाल ॥ १३ मी ॥ बडे घर ताल लागीर ॥ य० ॥ कर्भ गति जोय लीजो जी । दोष केने मनी दीजो जी ॥ आं ॥ माधव देखी सती भणी जी । मूछें देवे ताव ॥ एह राणि: होसी म्हारी जी । पूरस्यूं म्हारा चाव ॥ र्मे ॥ १ ॥ एक कसबा का ठाकर ने मारी । लेस्यूं तेहनो राज । फिर थोडीसी फोज

जमाइ । होस्यूं अन्य नृप सानाज ॥ कर्म ॥ २ ॥करामात से सबको वश कर । बनूंगा
मे राजान ॥ फिर तो सब डरेगा मुजदेखी । यह रूपवती मेरी जान ॥ क ॥ ३ ॥ कुँमर
धण होवेगा मेरे । बडेगा फिर परीवार । शेक शली इम मन माहे । करे अनेक विचार ॥
कर्म ॥ ४ ॥ततले राते लूट्या ग्राम का । मिलिया भील अनेक ॥ पत्तो लगाता आइ प-
होंचा तिहा । लीना तस्कर देख ॥ कर्म ॥५ ॥घेरो दियो खाइने चौपाखे । एक दम श-
स्त्र चलाय ।तेतो सहू निश्चिन्त रह्या था। दिया घणा नेगुडाय ॥ कर्म ॥ ६ ॥ मोटीश्रसि-
ला गुडाइ । किया कित्ता चकना चूर ॥ भागणको कोइ जागा नही । जावे किहा मग दू-
र ॥ कर्म ॥ १ ॥ गोली एक लगी माधव के । तना छूटा प्राण ॥ मन कर्म का विचार
जु जुवा । प्रत्यक्ष एक प्रमाण ॥ क ॥ ८ ॥ ● ॥ मन हर ॥ मन कहे पकान खावूं ।
तन को पूष्ट बणावू । कर्म के रावडी पावूं । ते न पूरी पेट भरी ॥ मन
के दूशाला ओढू । सूंहाली सेजापे पोढु । कर्म के कम्बल तोडू । रहजे भूंइ परी ॥ मन
रहवा मेहल चावे । भूषण वदन भावे । कर्म भाखसी मेठावे । लोह बेडी पगे धरी । मन
कर्म की लडाइ । साधु ज्ञानी नें समजाइ अमोल चिन्तित पाइ । मोक्ष लो कर्म हरी ॥
१ ॥ ● ॥ ढाल॥ चोर तणो द्रव्य लूटवाजी । उत्तर नलागालोक॥लीलावती डरी मनमे ।

आगे किस्यो होसी थोक ॥ कर्म ॥ ९ ॥ गुफा देखी एक ढूकडोजी । पेठी तिणरे मांय ॥ जिम २ शब्द आवे लोक को । तिम २ आगे जाय ॥ क ॥१० ॥ अंधार घोर में बैठ न जी । आर्त करे अपार ॥ अहो कर्म गति माहरी । कैसी उदय हुइ इण वार ॥ क २१ ॥ जे जे सहायक होवे महाराजी । ते ते पावे दुःख ॥ हुं कैसी हुं अभागणी । किया पाप घणा में कलुख ॥ क ॥ १२ ॥ तात समान थो डोकरा जी । राखतो पूरो प्रेम ॥ पुत्र वहू पतनी विरहा । अब म्हारो पण गयो क्षेम ॥ क ॥ १३ ॥इम केइ विचारनाजी । करती नेण नितार ॥ गरमीयेजीव अमु जा वीयो । जिहा हव न आवे लगार ॥ क ॥ १४ ॥ कान देइने सांभलेजी । शब्द न आवे लगार ।तव जाण्यो सहूजनगया । अव निकलू इणरे वार ॥ क ॥ १५ ॥ आइते मार्ग भूली गइजी । भटके गुफाने माय ॥ कंही लगे माथा विषे । कइ ठोकर खाइ गिरजाय ॥ क ॥ १६ ॥घावरी हुइ अति घणी । तव जोयो प्रकाश ॥ तिण अनुसारे नीकली जी । दूसरे रस्ते खास ॥ क ॥ १७ ॥ बाहिर आइ पेखतीजी आटवी महा भयकार ॥ जागा पण सेंदी नहीं । जाण्यो निकली वीजे द्वार ॥ क ॥ १८ ॥ जुथ विछोही कुरंगनीज्यों । रही तिण वन में फिर ॥ लागे कांटाने कांकराजी । कोइ नहीं तस तीर ॥ क ॥ १९ ॥ भूखी प्यासी था-

को घणीजी । स्वपदे अपट भयंकर । गहन घन आवला वलीजी । देख्यां लागे डर ॥क॥
॥ २० ॥ फल भक्षा जोड करीजी । पीयो निर झरणागेनीर॥वैठीवृक्ष तल कहे असोलख
। अश्लेषा मघा ढाल स्थिर ॥ क ॥ २१ ॥ ॥ दुहा ॥ पूग कर्म मुक्या विना । सुख
किहा थी पाय ॥ एक मिटे दुजो हुवे । कर्म इम सदा सताय ॥ १ ॥ तिण अवसर कुरु
दत्त ते । कुसुमनां संत्रीश ॥ आगो भमतो तिण मार्ग । लीलावती नी जगीस ॥ २ ॥
तरु तले ते एकलो । वैठी लीलावती जोय ॥ अन्ध नेत्र वंझा पुत ज्यों । हर्षित हिये
होय ॥ ३ ॥ देखी लीलावती तेहने । भस्काइ धूजे थर २ ॥ हाहा कर्म कष्ट महारा ।
भागी जाऊं किण पर ॥ ४ ॥ जेहने डरो देशोटारी । पडी फिर तेहने हाथ ॥ अब मुश-
किल है छूटको ॥ सरण श्री जगनाथ ॥ ५ ॥ ॥ ढाल १४ मी ॥ जालिटा जात्रा
निन्याणु करीयेरे ॥ स० ॥ सनीरे मांय संकट आवेरे । भलां आवे ते विरलावे ॥ स० ॥
॥ आ० ॥ कुरुदत्त अति हर्षाइरे । साथी दासने चेताइरे । अहो हुवा परमेश्वर सहाइ ॥
न ॥ १ ॥ते देखो लीलावती वेसीरे । छुपके भग आइ केसररे । पण अपनी करामात ते-
मो ॥ रा० ॥ २ ॥ लीधी डाव उपावे मिलाइरे । डारी घणी मेहनत थी पाइरे । रखे अ-
न किहां भगजाइ ॥ स० ॥ ३ ॥ सहू कहेने फिकर रहीयेरे । अब हम किम जावा दइयेरे

। वार २ भूल नाभइये ॥ स ॥ ४ ॥ सहू आइ तिणने घेरीरे । गैयाने वरगडा पेरीरे । तेहतो भयथी होगइ ढेरी ॥ स ॥ ५ ॥ ऊष्ठरी शक्ति रही नाहींरे । अंग २ पसीना छूटा इरे।मन में परमैर्ष्टा ध्याइ ॥ स ॥ ६ ॥ कुरुदत्त कहे क्रोधे भराइरे । तूं भागीने किहां जा इरे।हम लारे तुज लागाइ॥स॥७॥देखकैसी आइ ने पकडीरे।अबलजासाथने जकडीरे।देखो कि म अव खेले छकडी ॥ स ॥८॥ उठाइ तुरंग पे बैठाइरे।चोकानी ढेरी सीपाइरे ॥रहो हों-श्यारी से मेरे भाइ ॥ स ॥ ९ ॥ इणने भोली मत जाणोंरे । यह है महा कपटकी खा-नोरे । अब गइ तो खरात्री तुम मानो ॥ स ॥ १० ॥ सहू कहे अब तावे हमारेजी । तुम फिकर न रखो लगारेजी । चाल्या विजयपुर मार्गे जेवारे ॥ स ॥ ११ ॥ मन माहे सहू घणा राजीरे । अब फते हुइ जाणे वाजीरे । करे वातां मार्गे गाजी ॥ स ॥ १२ ॥ क्षिण विश्वास नहीं तस करतार । वारा सिर पेहरा वदलतारै । कुरुदत्त फिकर घणी धरता ॥स ॥ १३ ॥ इम विजय पुर तेआयारे । राते पेठा गाम मांयारे । जे दुमुख मार्ग वताया ॥ स ॥ १४ ॥ ते गुप्त रस्तेले आयारे । कोइ अन्य जाणन नहीं पायारे । गुप्त मेहल में तास छिपाया ॥ स ॥ १५ ॥ दी दुमुख ने जा वधाइरे । लायो तुम पटराणी तांइरे । वीती स-। विस्तारी सुणाइ ॥ स ॥ १६ ॥ सुण दुमुख घणो हर्षायोरे । ततक्षिण गुप्त मेहल मे

आयोरे । लीलावती देखी आनन्द पायो ॥ स ॥ १७ ॥ हिवे जन्म सफल मुज थासीरे । घणा दिन की इच्छा विरलासीरे । इम तरंग कइ विमासी ॥ स ॥ १८ ॥ शावासी दी कुरुदत्त तांइरे । हिवे प्रधान लेस्यूं वनाइरे । हूं वनू नृप दिन थोडा मांइ ॥ स ॥ १९ ॥ साथी सीपाइ ने इनाम दीनारे । वात करण शक्त मना कीनारे । तेपण प्रभू सोगन लीना ॥ स ॥ २० ॥ यह वात रही इण ठाइरे ॥ ढाल जेष्ट मूला मिलाइ । अमोल सती के सत्य सहाइ ॥ स ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दुहा । मगध देश पयठाण पुर । प्रताप सेण नृप गेह ॥ सोमचन्द्र मंत्रीश्वरु । सुखे रहे छे तेह ॥ १ ॥ चिन्ते चितमें एकदा । हूं निकल्या जिन काम । तेहनी चिन्ता परहरी । लुब्ध्यो सुखे ए ठाम ॥ २ ॥ धिक्कार होवो मुज भणी । श्वामी भक्तिये प्रमाद । हिवे विलम्ब करनो नहीं । तजणो यह विखवाद ॥ ३ ॥ राय राणी जिहां लगे । नहीं मिले मुज तांय ॥ तिहां लग अव मुज भणी । इम रहणो किहां नाय ॥ ४ ॥ इम निश्चय मन में करी । नृपतीनी रजा लेय । चाल्या आगे सचीव जी । दिगे मन पानी मंय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १५ मी ॥ न्याल देकी देशी में ॥ धन्य सेवक जे जग विषे जी । कांइ आवे मालिक के काम ॥ संकट सही सकट हरेजी२ कांइ । तास रहे जग नाम ॥ धन्य ॥ १ ॥ मार्ग चलतां मंत्रीश्वरुजी कांइ । मन में करे विचार

॥ नृपती और राणी तणी जी २ कांइ । सुधीने लागी लगार ॥ धन्य ॥ २ ॥ किहां जाइ
रह्या होसीजी कांइ । पहाड खाड ग्राम मांय ॥ साथ नहीं कोइ तिण तने जी । दम्पती
भेला के जूदाय ॥ धन्य ॥ ३ ॥ भरत पुरतो ज्यावे नहीं कांइ । पडती वक्त के मांय ॥
राणी पण साथे नहीं २ कांइ ॥ संग्राम में थीगयाय ॥ धन्य ॥ ४ पुरुष पाल राजा अछे
जी कांइ । सही सखे कधी दुःख । पण सुख माल राणी लीलावती२कांइ । जन्म थी भो
गव्या सुख ॥ धन्य ॥ ५ ॥ शीत ताप किम सेवसीजी कांइ । किम करे पगथी विहार ॥
सुखना विभागी सहू हूवाजी२कांइ । दुःखमां दियो न आधार ॥ धन्य ॥ ६ ॥ इम अनेक
विचार में कांइ । काटण लागा पन्थ ॥ आगल रन एक आवीयोजी २ कांइ । सघन भया
नक कन्थ ॥ धन्य ॥ ७ ॥ उतंग पर्वत विपम छेजी कांइ । न पडे रवी प्रकाश ॥ तिहां
शुद्ध आइ संलीने जी । चमक्या देखी ताम ॥ ध ॥ ८ ॥ हुं आयो किहां नीसरी जी कां
इ । होणहार सो होय । पेखंता आगल चाल्याजी । विपम झाडी में सोय ॥ ध ॥ ९ ॥
पूरी मण्डल रवी आवीयोजी कांइ । क्षुद्या लागी तेवार ॥ भोजन करण विराजीया जी २
कांइ । पेखी वारी अगार ॥ ध ॥ १० ॥ पासे भानो जे खोलीयो जी कांइ । भक्षण कि
यो विचार ॥ तब कर्म आइ फिन्याजी । अणचिन्त्या तेवार ॥ ध ॥ ११ ॥ टोलो कीतांइ

नर तणी जी कांइ । दोडती ते दिशा आय ॥ लंगोटी तंग बांधवाजी । अन्य वस्त्र नहीं पाय ॥ धन्य ॥ ११ ॥ चोटी मोटी सिर परे जी कांइ । शस्त्र तिक्षण हाथ ॥ दीसे राक्षस सारिखा जी । प्रचंड तन सहू साथ ॥ धन्य ॥ १२ ॥धैर्या आइ मंत्री सने जी कांइ । शस्त्र वस्त्र दूर डाल ॥ बांध्या मजबूत तेहने जी २काइ । करे कांइ ते घणा भाल ॥ धन्य ॥१३ ॥ ❀ ॥ इन्द्र विजय ॥ कहना माने जिसी को कीजीये । नहीं माने तहां बात क्या कामकी ॥ दुष्ट अनार्य अविनीतसे बोलीयां।हानी होवे आबरु अरु दामकी ॥ कहतां सुलटी जो उलटी ग्रह । हीये वसे तस द्रष्टी हरामकी ॥यश सुबुद्धि आराम के इच्छक । मौन रहो अमोल ते ठाम की ॥ १ ॥ ❀ ॥ढाल मृत्युक पशू तणी परे जी कांइ। घसीटता लेजाय ॥ छीलाय त्वचा मंत्रीकी जी२कांइ।अंग सूल पेसे रक्त वहाय ॥ धन्य ॥ १४ लटकावे उलट खन्धा परे जी कांइ। धस्के देवे न्हाक ॥इम चाल्या जाव रण बन माजी२ कांइ । समजे न तेहनी भाख ॥ धन्य ॥ १५ ॥ देवालय एक आवीयो जी काइ । मनुष्य हड्डी यो ढग जोय ॥ सोमचन्द घवरावीया जी । आव आयो मरणोय ॥ धन्य ॥१६ ॥ न्हाख्यो एक खाडा त्रिपेजी कांड । चन्डिका ने कहे तेह ॥ बल लाया माता तुम भणी जी२कांइ ।काल देश्या भक्त एह॥१७॥ इम कही सहू सूइ रह्या कांइ।नींदे रह्याघुराय ॥ मं-

त्री अवसर देखने जी । तटके बन्ध तोड्याय ॥ धन्य ॥१८ ॥ भागा तिहाथी जीव लेय ने जी कांइ । भोपो जाग्यो एक तब ॥ जावती देख सिकार ने जी कांइ । चिल्लायो हुवो गज़ब ॥ धन्य ॥ १९ ॥ केइ ऊठी लारे भग्या । जी कांइ प्रधान लगाइ दोड ॥ मनुष्य वृंन्द आगे देखने जी २ कांइ । भरायो तिणमें भय छोड ॥ धन्य ॥ २० ॥ मनुष्य बन्द देखी करी जी । भोपा भागी गया तत्काल ॥ अमोल ऋषिये यह भणी जी २ कांइ मूल मृग आदरा ढाल ॥ धन्य ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ सचीव पेठों नर वन्द में । ते देखी हर्षाय । दोचार नरमिल करी । तत्क्षिण लीयो द्रढ साय ॥ १ ॥ बन्धन बान्धी द्रढ तस । दीयो नाव में ढाय ॥ अश्चर्य पायो मंत्री घणो । यह कोन करसी काय ॥ २ ॥ फास तोडी हूं भागीयो ।पाडियो अग्नि मांय हाहा कर्म गति माहारी । आगे २ धाय ॥ ३ ॥ सुणी बात सहू जन तणी । कैचक नर जाण्या तास ॥ अन्य देश लेजायने। वेंचे यह नरखास ॥ ४॥ मुझनेदूर किहा बेंचने । बनावसी ए गुलाम॥ इच्छा ए निज पूरसी । मूं मांग्या ले दाम ॥ ५ ॥ होणहार सो होवसी । फिकर कियां कांइ होय ॥ इम धैर्य धारी रह्यो । आगे सुणो सहू लोय ॥ ६ ॥ ❀ ॥ ढाल १३ मी ॥ पांडव पांचो वंदता ॥ यह० ॥ ते कैचक नर हर्षित हुवा । नर लाग्या घणा हाथरे ॥ चा

लो हिवे बेंची करी । लेवा अपणे कर आथै ॥ सुज्ञ नर सांभलो । मंत्री नी हकीगत भा इ ॥ जी ॥ आं ॥ १ ॥ नावा लाया वाहण ढिगे । सहू नर भर्या तिणरेमांइजी ॥ बंधन छोड्या सहू तणा । जल मग किम भागी जाइ ॥ सुज्ञ ॥ २ ॥ जहाज चलाइ समुद्र में । सहू जन बेफिकर भयाइ जी ॥ कीनो नशो मदिरा तणो । सहू कैचक पड्या मुरछाइ॥ ॥ सुज्ञ ॥ ३ ॥ सचीव जी चिन्ते अवलोयने । ए अवसर छूटको थाइजी ॥ तोही जीतब आपणो ॥ नहीं तो गति होसी पशुसाइ ॥ सु० ॥ ४ ॥ पेखंता जलनिधी विषे । एक काष्ट वहतो आइजी ॥ ग्रह्यो तेहने प्रधानजी । यह होसी मुजने सहाइ ॥ सुज्ञ ॥ ५ ॥ जेष्टिकां ग्रही नौका थकी । ते काष्टे आरुढ थयाइ जी ॥ जहाज ने टेकी लकडीने । बहू जोर से धक्का दिधाइ ॥ सु० ॥ ६ ॥ कोसधकोस तेहथी गया । आगे कपाट ते संथभ्याइ जी ॥ धक्का देवण आश्रय नहीं । जल कलोले रह्या घूमाइ ॥ सु० ॥ ७ ॥ जल काटत ते जेष्टि थी । धीरे २ आगल चाल्याइजी ॥ करपद थक्या इम हालता । पाछी झकोल घेरी लेजाइ ॥ सु० ॥ ८ ॥ उर्ध अधो थावा लाग्या । ततले बृद्ध जलचर आइजी । लेगयो पटिया पातलमें । प्रधान रह्या देखतांइ॥सु०॥९॥निराधार हुवा सोमजी।भुजथी सिन्धू तरिण लगाइजी ॥थाकी ने अशक्त हुवा।तब निरास सुस्ता रहाइ ॥सु० ॥१०॥ उछली आय झकोल

थी । तने पृथ्वी फरस लगाइजी ॥ उठ शिघ्र आया वाहीरे । ओल तोय गया भराइ ॥ ॥ सु० ॥ ११ ॥ उंधा लटक्या द्रुम ने । नीर सहू नीताऱ्याइजी ॥ उतरी सुग्वाया वस्त्रने संतोष ते मन ने लाइ ॥ सु० ॥ १२ ॥ अवतार नवे जानें आवीया । रवी उष्णथी शीत भगाइजी ॥ धैर्य धरी चल आवीया । एक टूकडा पुरने मांइ ॥ सु० ॥ १३ ॥ सुवर्ण मुद्राथी कर विषे । वेची नाणो तास बणाइ जी ॥ भोजन वस्त्र तेहथी लिया । द्रव्य तिहां सर्व थाइ ॥ सु० ॥ १४ ॥ ❁ ॥ इन्द्रविजय ॥ लाज रखे केइ काज करे । मोटा जो बजे बहु आदर दइया ॥ मिल परिवार बणे के हजार । नारी धरे प्यार लेत बलइया ॥ सवदेश प्रदेश रहे कीर्ती हमेश । दिन में केइ वेश रु माल चरइया ॥ कहे अमोल रहे वर बोल । बणे सुर ताल जो गांठ रुपइया ॥ १ ॥ ❁ ॥ ढाल ॥ ग्राम बाहिर सराय में । रह्या मंत्रीसर आइजी ॥ तव आया एक प्रदेशीया । ते सेंदासा देखाइ ॥ सु० ॥ १५ ॥ पेछाणीं अनुमानथी । दोनों का हीया हुलस्याइजी ॥ अहो बुद्धि सागर मंत्रीश्वरु । आप किहांथी आया ए ठाइ ॥ सु ॥ १६ ॥ ते कहे हूं भरतपूर थकी । जिण दिन विजयपूर आयाइ जी ॥ अशुभोदय तिणही निशी। वैरी धाडा आय डाल्याइ ॥ सु ॥ १७॥ प्रात जोया विजय पुर विषे । राय राणी मुज न पायाइजी ॥ चिन्त्यो जावु किम स्वामी

कने । साथ विण लीधां वाइ ॥ सु ॥ १८ ॥ इम चिन्ती निकल्यो हूं जोववा । जोवतो आयो इण ठाइजी । आप किहांथी पधारीया । किहां राय राणी दो वसाइ ॥ स ॥१९॥ सोमचन्द्र निज वीती चरी । आदि अन्त दोगे संभलाइजी ॥ आयुबले रह्यो जीवतो । पुण्य वले हुवा आप सहाइ ॥ सु ॥ २० ॥ हिवे दोनों मिल सोभसा । चन्द्रसेण लीलावती तांइजी ॥ रेवती तारा अर्धनी । ए ढाल अमोलख गाइ ॥ सुं ॥ २१ ॥ ❀ ॥

॥ दुहा ॥ सुखे सूता दोनों तिहां । दूजे दिन प्रभात ॥ राय दम्पती ढूंढवा । दोनों चल्या संघात ॥ १ ॥ मोटी अटवी में पड्या । एकेक को आधार ॥ बुद्धि विनोद धर्म चरी । करता करे प्रसार ॥ २ ॥ रुदन सुणि विस्मय हुइ । आया तिहां वृद्ध जोय । द्रढ वन्धन से वांधीयो । वृक्षे लटके सोय ॥ ३ ॥ करुणा व्यापी छोडीयो । दीनो खानने पान ॥ साथे लेइ तेहने । आगे कियो प्रयान ॥ ४ ॥ पूछ्याथी ते वृद्ध कहे । कर्मोदय महाराय ॥ धाडाती मुज वान्धी गया । दीवी झोंपडी जलाय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १७मी ॥ खवर नहीं है जग में पलकी ॥ यह० ॥ आगे जातां तीनों तांइ । वन मनहर आया॥ थाक्या विश्रामो लेवा कारण । वेठ्या सुखे छांया ॥ पुण्यवन्त सुखिया जग मांइ । पुण्यवंत ने पुण्यवंत मिले फले चिन्तित इच्छाइ॥आं॥१॥तिहांथी थोडेही अन्तरे।चन्द्रसेण राजा

न ॥ भील शैन्य सिखाइ सुधारे । राखी पूरो ध्यान ॥ पुण्य ॥ २ ॥ दोदशसहस्र भलि
था शूरा । दोय भाग कीना ॥ दश हजार पायदल अने । दशसहस्र ने अश्वदीना ॥ पु०
॥ ३ ॥ शमा । फोजपति बणाया । कृष्णा स्वार श्वामी ॥ मगियाजी पायदल पत बणि-
या । करवा सिद्ध कामी ॥ पु० ॥ ४ ॥ गुप्त प्रगट साकट गरुड जुद्ध । दव उठ चूकाणा
॥ इत्यादि संग्राम कलामां । हुवा णा शाणा ॥ पु० ॥ ५ ॥ पातशायजी विचक्षण प-
णाथी । सदा खबर लेता ॥ एक प्रहरनी नित्य कर कसरत । ते वक्त मिल्या थेता ॥ पु
॥ ६ ॥धूम धाम तो लागो घणेरो । धूंवो घराणो ॥ सत्घेनी नाली नर शब्दे । गुंज र-
ह्यो राणो ॥ पु० ॥ ७ ॥ तेह भयंकर नाद श्रवणकर। हेरो गिरी त्यागी ॥ सूर जंबूक आ
दि केइ स्वपद । छिप्याकेइ भागी ॥ पु० ॥ ८ ॥ अश्चर्य धर चिन्ते दो मंत्री । यह कौ-
न है राजानो । किण साथे इण महारण मांही । संग्राम मंडाणो ॥ पु० ॥ ९ ॥ ते नले
एक कुरंग तांइ । केसरी ग्रही जाइ ॥ चन्द्रसेण द्रष्टी गत होता । दिल दया आइ ॥ पु
॥ १० ॥ ❀ ॥ श्लोक ॥ प्राणीना रक्षणं श्रेष्टं । मृत्यू भीताही जंतवः ॥ आत्मौपम्य वि
जानाती । रिष्ट सर्वस्य जीवितं ॥ १ ॥❀॥ढाल॥ तुर्त अश्वचड सेल संबाही । सिंह लार
भागा ॥ ते तीनों के पासज होइ ॥ चल्या गया आगा ॥ पू० ॥ ११ ॥ कुंताग्रे मार्या

पशुपत ने । हिरण्यो छिटकाया ॥ दोनों जुदी २ दिश मे न्हाटा । दोनों बचाया ॥ पु०
॥ १२ ॥ ❁ ॥ श्लोक ॥ हेम धेनु धरा दीनां । दातारः सुलभः भुवि ॥ दुर्लभ्य पुरुषो
लोके । यः प्राणीः अभयप्रदः ॥ १ ॥ ❁ ॥ ढाल ॥ चन्द्रनृप ने भागा जोइ । पाछथी
रामो । अश्व दोडाइ लारे थइयो । श्वामी भक्ति कामो ॥ पु० ॥ १३ ॥ सोमचन्द्र ने रा
मो ओलखी । अश्व ने संथभायो ॥ लुली २ प्रणम्यो मंत्रीने । हर्ष उभरायो ॥ पु० ॥ १४
मंत्री ओलखी कहे रामाजी । तुम किहां इण ठामो ॥ ते कहे चन्द्र सेण महाराजा ।
कियो इहां मुकामो ॥ पु० ॥ १४ ॥ नृप नाम सुण अति आणन्दी । पूछे किहां श्वामी॥
ते कहे हिवणां गया सन्मुख थइ । औलख नहीं पामी ॥ पु० ॥ १५ ॥ रामो तुरी दो-
डाइ जाइ । दी राय ने वधाइ ॥ प्रधान साहेब नाथ पधार्या । सुणी भूप हर्षाइ ॥ पु० ॥
॥ १६ ॥ केकाण फिराइ राजा आइ । दोनो सामा धाइ ॥ नेण सेण मिल्या हृदय मे । सुद्धा
रस दुल्याइ ॥ पु० ॥ १७ ॥ दोनों पाडया राय पदांबरे । नृप तस उठाइ ॥ गाढालिंगन
देइ मिल्या । हर्षाश्रु वर्षाइ ॥ पु० ॥ १८ ॥ सहूजन आया डेरा मांइ । शैन्य सलामी
कराइ ॥ एकान्त बैठी निज २ बीती । चरी सहु सणाइ ॥ प० ॥ १९ ॥ कर्म गति की

॥ २० ॥ आदि अन्त सोम चंद्र चरितनो । चतुष्कन्ध थाइ ॥ ढाल चन्द्र कलाँ द्विभाखी ॥ अमोल पुण्य फल्याइ ॥ पु० ॥ २१ ॥ ❀ ॥ खन्ड सारांश हरीगीत ॥ मंत्री सोम कर्यो न्याय उत्तम । नृप आदी ने रीजा वीया ॥ श्वामी काज तज सुखसाज । मार्ग विसी पाविया ॥ भोपा कैंचक दुष्ट थी बच । बुद्धि सागर मिलाविया ॥ वृद्ध छोडी पुण्य प्रोढी । चन्द्र नृप ढिग रहाविया ॥ १ ॥ पल्ली में राजा भीलसाजा । मंत्री संग सुखथी रहै । महा सती लीलावती । गेंदू शैन्या पति विजयपूर सहै ॥ सदू को मिलाप पुण्य प्रताप । आगे श्रोता अमोलिक कहे ॥ गावे गवावे सुण सुणावे । तह नित्य मंगल लहे॥२

परम पुज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराज के स्मप्रदाय के

वाल ब्रह्मचारी श्री अमोलख ऋषिजी महाराज रचित

शील महात्म प्रवन्ध चतुर्थ खण्ड समाप्तम्

॥ दुहा ॥ आदि नमु अर्हंत को । सिद्धाचार्य उपाध्याय ॥ साधू पंच प्रमेष्टि को । वंदू सीस नमाय ॥ २ ॥ पारस मणी से अति श्रेष्ट । पार्श्व नाथ भगवान ॥ भक्त वनावे आप सम । तासु नमु शुद्ध ध्यान ॥ २ ॥ पंचवृत सुमति धरा । पंचायण पंच त्याग ॥ पंचा

री पंच वंश करी । पंचमी गति दे भाग ॥ ३ ॥ अभय सत्य दत जत अममत्व । वृत
त्र प्रधान॥अधिक जानो शीला तेहमां । ताहि को यह बयान ॥ ४ ॥ ® ॥ श्लोक ॥
न्हिस्तस्य जलायते जल निधः कुल्यायते तत्क्षणा, न्मेरुः स्वल्प शिलायते मृग पतिः सद्यः
रंगायते । व्यालो माल्य गुणायते विष रसः पियूष वर्षायते । यस्यांगेऽखिल लोक वल्लभ
मं शीलं समुन्मीलति ॥ १ ॥ ® ॥ दुहा ॥ शील रक्षण सङ्कट समन । संग्राम सज्जन
लाप ॥ ये अधिकार इण खण्ड मे।वैराग्य शूरत्व विलाप ॥ ५ ॥ रस सरस फरस श्रव
। नयण वयण लेचन ॥ धार मार अपार यह । शील फील ने एन ॥ ६ ॥ विजयपूर
परी विषे । शैन्या पति सुख सेन ॥ गेंदू उभय योगी भेष में । परियटन करे दिन रेन
७ ॥ अर्ध पक्ष थयो तेहने । लक्ष निरक्ष ने मांय ॥ दक्ष चक्ष समक्ष कर । ते तव
हुली ठाय ॥ ८ ॥ पत्तो किहां लाग्यो नहीं । तव चिन्ता बहू होय ॥ राणी साहेब मि-
ग नहीं । रह्या ग्राम सहू जोय ॥ ९ ॥ ® ॥ ढाल १ ली ॥ जोबन धन पाहूणा दिन
रा ॥ यह० ॥ सुणो शैन्यपति की अकल तुम भाइ । लीलावती को पतो यों लगाइ
सुणो ॥ आ० ॥ एक दिन शैन्य पति गेंदू ने सिखाइ । मेल्यो गाम के मांइ ॥ कोइ
जा को नोकर भोलाइ । लावो इहां बुलाइ ॥ सुणो ॥ १ ॥ चिमटो खप्पर हाथ में लेइ

। चाल्यो अलख जगाइ ॥ राज मेहल के मांहे एकान्त । बेठो धुणी लगाइ ॥ सुणो ॥
॥ २ ॥ ले तले दुसुख रसोइयो । विप्र दंडवत कर्यो आइ ॥ आशीर्वाद दे गेंदू बोले ।
तुमतो गरीब दिख्यो भाइ ॥ सुणो ॥ ३ ॥ हमारे गुरुजी बडे करामाती । देते क्षिण में
दुःख गमाइ ॥ कीमीया भी केइ जानते हेंगे । देते वस्तु चहाइ ॥ सुणो ॥ ४ ॥ करामा
त हे मोटी जक्त में । सब को इसकी इच्छाइ ॥ बडे २ पडे इस झगडे में । नशीब जेसे
फल पाइ ॥ सुणो ॥ ५ ॥ इम अनेक तरह तस भरमांइ । संगले गुरु कने आइ पष्टांग
दंडवत कीनो । पूछी सुख शाताइ ॥ सुणो ॥ ६ शैन्य पति जोगी कहे हम सुखी हे । दु-
निया के फन्द छिटकाइ ॥ तुम्हारे जेसे भक्त जनों पर । होती हे गुरु कृपाइ ॥ सुणो ॥
॥ ७ ॥ लोभ अनेक दिया तिण तांइ । मोटा हे जग में आराइ ॥ गंभीरता तस देख्य
ण काजे । नवी २ बात सुणाइ ॥ सुणो ॥ ८ ॥ गेहरो साचो प्रतीत दार चातुर । वचन
न बदले कदाइ ॥ इत्यादि गुण देखी तेहमां । एकदा सत्य जणाइ ॥ सुणो ॥ ९ ॥ हम
तो नहीं हे जोगी भाइ । बने हें रातीके सहाइ ॥ तुमभी सहायक होवो तो । सुखी
हो घटाओ पुण्याइ ॥ सुणो ॥ १० ॥ लीलावती का पत्ता लगाणा । रुखी करणी तिण
तांइ ॥ विप्र कहे मुज शाक्ति जो भक्ति । चूकस्यूं नहीं हूं कदाइ ॥ सुणो ॥ ११ ॥ शैन्य

पातिं कहे विचार दुः मुखका । सुणो सो दो हमने जणाइ ॥ ते कहे ठीक करस्यू इम गु
स हूं । भेद न जाण न पाइ ॥ सुणो ॥ १२ ॥ इम कही निजस्थान विविध आ । रसोइ
ताजी बनाइ ॥ तब मुख कहे थाल परुसी । लेजा मेहल के मांइ ॥ सुणो ॥ १३ ॥ मां
गे सो तस खावा दीजे । अच्छी २ अग्रह कराइ ॥ और कछू वातज नहीं करनी । विप्र
सुनी हर्षाइ ॥ सुणो ॥ १४ ॥ ते कांसो तैयार कर चाल्यो । साथे दियो दूजो सिपाइ ॥
विप्र मेहल में देखी सती दुःख में । करुणाथ की हीयो भराइ ॥ सुणो ॥ १५ ॥ मनवा
र करतो कहे विप्र । निश्चिन्त जीमो तुम बाइ ॥ थाणा मन मान्या सहू होसी । थोडा
दिनरे मांइ ॥ सुणो ॥ १६ ॥ भातो अण थोडो खा सती । दीवी थाली सरकाइ ॥ लेइ
विप्र शिघ्र आयो रसोडे । शिघ्र सहू काम निपटाइ ॥ सुणो ॥ १७ ॥ शैन्या पती पासे
आइ दाखे । आज लीलावती बाइ । दुमुख गुस रखी हे मेहल में । में आयो हिवणा जि
माइ ॥ सुणो ॥ १८ ॥ गेंदू ने दासी को रुप बनाइ । भेज्यो तस लराइ । मेहल बतावो
अबी इणने। जिणमे महाराणी छिपाइ ॥ सुणो ॥ १९ ॥ वामण गुस मार्ग ला तिणने ।
दीनो मेहल बताइ ॥ बंदोंवस्त पुक्त जावा न पायो । कियो शैन्या पती ने तांइ ॥ सुणो
॥ २० ॥ सुण शैन्यापति हर्षाया । अब करस्यां उपाव साराइ ॥ प्रथम ढाल ए पंचम खं

डकी । अमोलख ऋषि गाई ॥ सुणो ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ दुःमुख हर्षित होयने । किया स्नान सिणगार ॥ बीदराजा सागे बण्या । वरण लीलावती प्यार ॥ १ ॥ किण वे-ला रवी आथ में । जावु मनावुं तास ॥ दुष्ट ध्यान इम ध्यावतो । ऊभो मेहल ने पास ॥ २ ॥ लीलावती सती तदा । सोग सागररे मांय॥ पूर्व पश्चात विचार का । रही है गो- । लगाय ॥ ३ ॥ हिवे हूं पर वश थइ । पडी दूष्टोरे वश आय । अन्याइ ए पापीया । किण विध मानसी वाय ॥ ४ ॥ ऐसा महा संकट समय । शरण श्री जिन राज ॥ रक्षा कीजो माहारी । रखीयो महारी लाज ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल २ जी ॥ विणजारी ॥ सखी प णिया भरन कैसे जाना ॥ यह० ॥ तुन सुनियो वात हमारी । नहीं करना विगर विचा री ॥ आं ॥ दूःमुख मेहलमें आया । लीलावती ने सोच भराया जी । ऊभी नीची द्रष्टी धारी ॥ नहीं ॥ १ ॥ दुःमुख कहे मुज ने पहचानो । कनक पुर नरेश्वर मुज जाणोजी । जरा निरखोनी इण वारी ॥ नहीं ॥ २ ॥ तव सती धैर्य धर भाखे । पर नर म्हारे शी साखे जी ॥ नहीं ओलख म्हारे तुम्हारी ॥ नहीं ॥ ३ ॥ ❀ ॥ दुहा ॥ सती तात भ्रात पुत्र पती । तज नर बीजा सात ॥ भरी निजर जोवे नहीं । तो ओलख की शी वात ॥ ॥ १ ॥ ❀ ॥ ढाल ॥ कहे दुःमुख में भरत पूर आया । ते भूल्या तुम दिन घणा थायाजी

॥ भलां खुशी छे तबीयत थारी ॥ नहीं ॥ ४ ॥ मनच्चिंतित तुम सुख पासो । मोटे पुण्य थी मिल्यो यह वासो जी । तजी फिकर हर्ष लो धारी ॥ नहीं ॥ ५ ॥पुण्ये चिन्ता मणी कर आवे । ते सुज्ञता नही छिटकावे जी । क्यों के सुख नी सहूने इच्छा री ॥ नहीं ॥ ६ ॥ केइ स्त्री जाणे छे एहवो । महारा पती गुणे मिष्ठ मेवो जी । नही तिण सम अन्य दूजारी॥नही ॥ ७ ॥ पण जो ते खोटो होवे । पाछे तेहथी मन नही मोहवेजी । कहो सच्ची बात यह महारी॥ नही ॥ ८ ॥ होणहार जो हूवो । अव म्हारा सन्मुख जुवो जी । नही लावो जरा शंका री ॥ ९ ॥ तव लीलावती यों दर्शावे ।तुम बोली समज में न आवे जी । कांइ बात थे रह्या उचारी ॥ नही ॥ १० ॥ दु:मुख कहे मुज मन की थां जाणा । पण छिपावो शरम मन आणी जी । तुम चेरो फूल्यो ज्यो गुल क्यारी ॥ नहीं ॥ ११ ॥ में कामाग्नि थी बल तो । प्रिय तुजसंजोगे तल मल तो जी ।सीचो आलिंगन रूपी वारी ॥ नहीं ॥ १२ ॥ लीलावती दावी रीस तांइ । कहे इम बोलणो युक्तो नाहीं जी । तुम छो माणस मोटा री ॥ नही ॥ १३ ॥ तेथी मोटी बुद्धी राखो । खरी खोटी विचारी भाखो जी ॥ परस्त्री ने किम कहो प्यारी ॥ नही ॥ १४ ॥ ❁ ॥ श्लोक ॥ आत्म वत्सर्व भूतेषु । पर द्रव्येषु लोष्ट वत् ॥ मातृवत् पर दारेषु । यःपश्यती पंडिताः ॥ १ ॥ ❁ ॥ दुमुख

